पाठ 15. होटल मार्स का रहस्य

पाठ का उद्देश्य

प्रस्तुत पाठ विज्ञान की पृष्ठभूमि पर लिखा गया है। इस पाठ का उद्देश्य बच्चों को यह समझाना है कि हमें गोपनीय एवं महत्वपूर्ण बातों की चर्चा सार्वजनिक स्थलों पर नहीं करनी चाहिए। ऐसा करना कभी-कभी नुकसानदेह हो सकता है।

पाठ का सारांश

शहर से दूर मंगल ग्रह के नाम पर एक होटल खुला था–होटल मार्स। इस होटल का संचालन बहुत विचित्र था। वैज्ञानिक, अधिकारी तथा बड़े-बड़े व्यापारी इस होटल में आते थे। इस होटल का संचालन कैसे होता है, यह किसी को नहीं पता था। वीनू ने होटल के सभी पहलुओं को जानने की कोशिश की। एक रात वीनू ने छिपकर देखा कि बौने कद के कई विचित्र लोग मेज़ों के नीचे लगाकर रखे गए टेपरिकॉर्डर निकालकर सुन रहे थे। वे विज्ञान संबंधी बातों को नोट कर रहे थे। इसका मतलब था कि वह होटल जासूसी का अड्डा था। वीनू उन लोगों का रहस्य जान चुका था। सुबह होने पर जैसे ही वीनू होटल से बाहर भागा वह होटल ऊपर उड़ गया। लोगों ने सारा घटनाक्रम जाना तो उन्हें बड़ी शर्मिंदगी महसूस हुई। हमें अपनी महत्वपूर्ण बातें सार्वजनिक स्थानों पर नहीं करनी चाहिए। इससे हम किसी बड़ी मुसीबत में पड़ सकते हैं।

अध्यापन संकेत

पाठ का कक्षा में वाचन करें। कठिन शब्दों के अर्थ बताएँ। आवश्यक पंक्तियों का भाव स्पष्ट करें। बच्चों से एक-एक अनुच्छेद पढ़ने को कहें। बच्चों से वाचन कराते समय उनके उच्चारण पर ध्यान दें।

पाठ से संबंधित कुछ विशेष बातों पर बच्चों से विचार-विमर्श करें –

- वीनू अगर पकड़ा जाता तो क्या होता? अगर वे वीनू की जगह होते तो क्या करते?
- बच्चों को अंतरिक्ष से संबंधित जानकारी दें। बच्चों को बताएँ कि मंगल ग्रह पर जीवन होने के संकेत मिले हैं परंतु अभी ठोस साक्ष्य प्राप्त नहीं किए जा सके हैं।

डिजीडिस्क (DigiDisc) के माध्यम से पाठ की ई-बुक विद्यार्थियों को दिखाकर पाठ के प्रत्येक अंग का स्पष्टीकरण कीजिए। गतिविधियों की दुनिया से परिचय भी कराइए।